Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25

www.dainikvishwapariwar.com

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 260 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## पीएम मोदी ने 24 घंटे में चार देशों के नेताओं से की बात

■ पश्चिम एशिया में शांति पर जोर, कहा- डिप्लोमेसी के जरिए हल हो मसला

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 घंटों के अंदर चार महत्वपूर्ण विश्व नेताओं से फोन पर गहन चर्चा की। बुधवार रात कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह से बातचीत के बाद गुरुवार को ओमान के सुल्तान हाइथम बिन तारिक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बात हुई। इन सभी वार्ताओं में शांति बहाली, तनाव कम करने और कूटनीति की प्रधानता पर बल दिया गया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इन बातचीतों का विवरण साझा किया। मलेशिया के पीएम से चर्चा में ईद मुबारक की बधाई देते हुए क्षेत्रीय चिंताओं पर सहमति बनी कि संवाद ही समाधान है। फ्रांस के मैक्रों से बात में हालात शांत करने और कूटनीतिक रास्ते अपनाने की आवश्यकता बताई गई। दोनों देशों ने वैश्विक शांति के लिए सहयोग जारी रखने का वादा किया। ओमान के सुल्तान को 'भाई' कहकर संबोधित करते हुए पीएम ने ईद की



शुभकामनाएं दीं और तनाव घटाने के लिए डिप्लोमेसी पर जोर दिया।

ओमान की संप्रभुता हनन की निंदा की तथा भारतीयों समेत लोगों की सुरक्षित वापसी में सहायता की प्रशंसा की। होर्मुज जलडमरूमध्य में मुक्त नौवहन का समर्थन दोहराया।कुवैत के साथ हुई चर्चा में हमलों की कड़ी भर्त्सना की गई और लगातार संवाद की जरूरत बताई। वहां भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। ये कदम भारत की सक्रिय कूटनीति को दर्शाते हैं, जो वैश्विक स्थिरता में योगदान दे रही है। ईद के पावन पर्व पर भी शांति की अपील मजबूत संदेश देती है।

### नवरात्रि और नव संवत्सर पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चैत्र नवरात्रि, नव संवत्सर और गुड़ी पड़वा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा की असीम कृपा से सभी का जीवन सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो तथा विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, सौभाग्य और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने लिखा कि शक्ति की आराधना का यह दिव्य अवसर हर किसी के लिए सकारात्मक ऊर्जा और कल्याण का संदेश लेकर आए। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि मां दुर्गा की कृपा से देश के विकास के संकल्प को भी नई शक्ति मिले। उन्होंने 'जय अंबे जगदंबे मां' का उद्घोष करते हुए देशवासियों के सुखद भविष्य की कामना की।एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने नवरात्रि के प्रथम दिन पूजित देवी शैलपुत्री का उल्लेख किया।

## धर्मांतरण कराने पर होगी उम्रकैद की सजा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज धर्म स्वातंर्त्य विधेयक, 2026 पास हो गया है। अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने के मामलों में दोषी पाए जाने पर 7 से 10 साल तक की जेल और कम से कम 5 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। यदि पीड़ित नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हो, तो सजा बढ़ाकर 10 से 20 साल तक की जेल और न्यूनतम 10 लाख जुर्माना देना होगा। वहीं, सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास होगी। कम से कम 25 लाख रुपए जुर्माना लगेगा। गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा पेश किया गया यह नया विधेयक वर्ष 1968 के पुराने कानून की जगह लेगा, जिसे सरकार ने वर्तमान तकनीक और सामाजिक परिस्थितियों के लिहाज से नाकाफी माना है। सरकार के अनुसार इस बिल का मकसद बल, प्रलोभन, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाना है। सदन में बिल के पास होते ही क्क्षक्कविधायकों ने जय श्री राम के नारे लगाए। वहीं विपक्ष ने इस बिल का विरोध किया और वॉकआउट कर दिया था। विपक्ष का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के साथ-साथ सभी दलों के विधायकों की राय ली जानी चाहिए। सदन में यह बिल ध्वनि मत से पास हुआ।

### पुलिस का मनोबल बढ़ाने का काम करे : गृहमंत्री विजय शर्मा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विधानसभा सदस्य पुलिस का मनोबल गिराने का काम न करे। उन्होंने कहा कि हर किसी घटना के लिए पुलिस को दोषी ठहराना उचित नहीं है। विधानसभा में आज कांग्रेस की संगीता सिन्हा ने कहा कि बालोद में गत दिनों एक लड़की का अपहरण कर लिया गया है, पुलिस इसकी रिपोर्ट दर्ज करा ली गई है, लेकिन अभी तक 4 माह होने बाद भी खोज नहीं पाई है। संगीता सिन्हा ने कहा कि आप लोगों ने कहा कि बेटी पढ़ाओ आगे बढ़ो, लेकिन वस्तु स्थिति कुछ अलग है। इस संबंध में गृहमंत्री ने कहा कि बेटी को पढ़ाना कोई गलत बात नहीं, यदि एफआईआर हुई है तो पुलिस उसे खोज रही है। माननीय सदस्यों से अपील है कि वे पुलिस का मनोबल न गिराए।

## ईरान जंग के चलते क्रूड दोगुना, 146 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा




**नई दिल्ली।** ईरान की ओर से खाड़ी देशों के एनर्जी ठिकानों पर नए हमलों के बाद आज 19 मार्च को ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल और नेचुरल गैस की कीमतों में 30 प्रतिशत तक की तेजी है। जंग शुरू होने के बाद से भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर पर पहुंच गई है। इसके बढ़ने से भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम 10-15 रुपए बढ़ सकते हैं। भारत इराक, सऊदी अरब, रूस, यूएई से तेल खरीदता हैं। इन सभी अलग-अलग तरह के तेलों की कीमतों का जो औसत निकाला जाता है, उसे ही 'इंडियन बास्केट' कहते हैं।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल का छत्तीसगढ़ प्रवास




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री हरदीप सिंह गिल ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान बीएसयूपी कॉलोनी, सिमरन सिटी संतोषी नगर पहुंचकर रामकृष्ण अस्पताल में हुई घटना के मृतक श्री गोविंद सेंदरे के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक घटना के दिन अस्पताल में सफाई कार्य के लिए गया था। इस पर श्री गिल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यकता होगी सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग उन सभी सफाई कर्मचारियों के साथ चाहें वह नियमित हों या ठेका प्रणाली के अंतर्गत कार्यरत हो उनके हितों के लिए कार्य करता है।

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन वैष्णो देवी में उमड़ा आस्था का सैलाब, देशभर से पहुंचे श्रद्धालु

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू और कश्मीर के कटरा में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शनी ड्योढ़ी तक पहुंच रहे हैं और माता रानी के दर्शन के लिए आगे बढ़ रहे हैं। पूरा इलाका भक्ति के माहौल में डूबा है। हर तरफ 'जय माता दी' के जयकारे गूंज रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग यहां पहुंचे हैं। कोई परिवार के साथ आया है तो कोई दोस्तों के साथ, लेकिन सभी के चेहरे पर एक अलग ही खुशी और उत्साह नजर आ रहा है। एक श्रद्धालु ने बताया कि वह खुद को बहुत भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें नवरात्रि के पहले दिन माता रानी के दर्शन करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह लगभग हर साल यहां आते हैं, लेकिन इस बार पहली बार नवरात्रि में आए हैं। उनके लिए यह अनुभव और भी खास है, क्योंकि इस समय मंदिर की सजावट बहुत सुंदर होती है। उन्होंने कहा कि अब तक उन्होंने नवरात्रि की सजावट नहीं देखी थी। इसलिए इस बार वह इसे देखने के लिए भी काफी उत्साहित हैं।



साथ ही उन्होंने माता रानी से प्रार्थना की कि पूरा देश समृद्ध और शक्तिशाली बने।

एक अन्य श्रद्धालु ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे पहले कश्मीर घूमने गए थे और वहां से सीधे माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा पहुंच गए। उन्होंने कहा कि नवरात्र के पहले ही दिन माता रानी के दर्शन मिलना उनके लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का बहुत खास और यादगार पल है। उन्होंने यह भी कहा कि नवरात्रि में मंदिर की भव्य सजावट देखने लायक होती है और वह इस अनुभव को पूरी तरह महसूस करना चाहते हैं। श्रद्धालु ने देश और दुनिया के लिए शांति की कामना भी की।

## नक्सलवाद के खात्मे की उलटी गिनती शुरू




**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** देश में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर केंद्र सरकार की तय समयसीमा अब नजदीक आती जा रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले ही 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त बनाने का लक्ष्य घोषित कर चुके हैं। इस दिशा में सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई और सरकार की पुनर्वास नीति का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। एक ओर जहां विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मुठभेड़ों में नक्सली मारे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इसे नक्सल विरोधी अभियान में एक महत्वपूर्ण बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इसी कड़ी में गढ़चिरोली जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है।







महंत सतगुरु श्री अनंतपुरी गोस्वामी जी
महंत अम्मां मीरादेवी जी
श्रध्दा सुमन
स्व.श्री भारामल जी
हिन्दु नववर्ष की बधाई...
छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत
सेवा - संस्कृति - समता
चेट्रीचंड्र ज्यु लख-लख वाधायुं...
श्रध्दा सुमन
(रजि.122202514913)
शदाणी संत डॉ.युधिष्ठिर लाल जी
सतगुरु साँई लालदास जी
छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत (युवा विंग)
माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी
डॉ रमन सिंह जी
बृजमोहन अग्रवाल जी
राजेश मूणत जी
सुनील सोनी जी
मोतीलाल साहू जी
पुरंदर मिश्रा जी
मीनल चौबे जी
सत्यनारायण शर्मा जी
रमेश ठाकुर
अनुराग सिंह ठाकुर
नवीन मार्कंडेय
किरण देव सिंह
श्रीचंद सुन्दरानी जी
आनंद कुकरेजा
सतीश थौरानी
अमर गिदवानी
श्री राजेश वासवानी
श्री रवि ग्वालानी
कोषाध्यक्ष
श्री जितेन्द्र बडवानी
महामंत्री
श्री चेतन तारवानी
श्री अमित जीवन
श्री किशोर आहूजा
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री इंद्र डोडवानी
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री गोविंद वाधवानी
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री राधाकिशन सुंदरानी
महामंत्री
श्री सचिन मेघानी
पार्षद
॥ जय झूलेलाल ॥
श्री अशोक मलानी
श्री वासुदेव जोतवानी
श्री चंदर विधानी
श्री दिनेश अठवानी
श्री पवन प्रीतवानी
श्री सुदेश मंध्यान
सह कोषाध्यक्ष
श्री राजेश पोपटानी
अमर दास खट्टर
राजू भाई तारवानी
श्री विनोद तलरेजा
श्री लक्ष्मण जगवानी
श्री राजेश गुरवानी
श्री दौलत परयानी
श्री संजय रहेजा
शिव ग्वालानी
श्री भरत प्रधनानी
सुनील मध्यानी
विकास सुखवानी
विजय सुन्दरानी
तेज कुमार बजाज
दिलीप इसरानी
अमित धावना
प्रकाश लालवानी
दयाल राजपाल
राजेश गिदवानी
हरिराम तलरेजा
श्री महेश मिरघानी
भावना कुकरेजा
राशि बलवानी
हर्षा मोटवानी
दीपिका जेठवानी
मंजू सुन्दरानी
श्री दीपक धर्मानी
श्री अशोक छेतीजा
प्रदेश अध्यक्ष महेश आहूजा
कार्यकारी अध्यक्ष प्रणीत सुंदरानी
कार्यकारी अध्यक्ष दीपक रामनानी
चेयरमेन संतोष लोहाना
फेमस सिंगर देवाशीष गुरू
काफिला बेंड फेम
मशहूर कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक
द ग्रेट कपिल शर्मा शो फेम
एंकर भूमिका मीरचंदानी
राज नावानी
कोषाध्यक्ष सागर भावनानी
महासचिव पंकज चिजवानी
महासचिव दिनेश सुंदरानी
जितेन्द्र शादीजा
विशाल नेभानी
आकाश धावना
अमित गावरी
बंटी गाबड़ा
राहुल खूबचंदानी
आकाश डूडानी
नरेश पंजवानी
टिंकू लालवानी
पवन सोनेजा
जतिन नचरानी
विक्की डेंगवानी
अंकुश बजाज
सौरभ खटवानी
विजय लहरवानी
आदित्य(भारत) मोरयानी
सुनील मलानी
अविनाश खेतपाल
नंदन हरजानी
सेवक जीवनानी
विकास कोटवानी
सुशील दरिरा
प्रशांत राज गावरी
संजय मंजर
मनीष थरानी
समीर वेंस्यानी
अनुराग तलरेजा
जय केशवानी
विनय थावानी
दिनेश पंजवानी
प्रियांशु रत्नानी
राहुल तेजवानी
धनराज डोडवानी
आदर्श कलवानी
राहुल जेसरानी
संजू खटवानी
हेमंत बुधवानी
अमित चतवानी
भावेश माखीजा
अमर जेठवानी
राजीव मसंद
सचिन नानवानी
आनंद परचानी
योगेश गिंडवानी
कमलेश भावनानी
आशीष वाधवानी
दीपक गंगवानी
संतोष सचदेव
भगवान झुलेलाल जी की शोभा यात्रा का भव्य स्वागत समारोह- रात 9 बजे- शारदा चौक, एम.जी. रोड, रायपुर छत्तीसगढ़
पूज्य छत्तीसगढ़ सिन्धी सेवा महापंचायत, रायपुर छत्तीसगढ़

### गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने मेंटेनेंस कार्य समय पर पूरा करें: कलेक्टर

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने ट्रांसफार्मर एवं अन्य मेन्टनेन्स कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि डिमांड जारी होने के बाद नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाएं, बिजली से सम्बधित शिकायत का त्वरित निराकरण करें। इसके साथ ही बारिश के पूर्व पेड़ों का शाखा कर्तन का कार्य भी पूरा कराएं ताकि बारिश के समय कोई दुर्घटना न हो।

### जशपुर के दीपू बगान में सरहुल महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

# सरहुल उत्सव जनजाति संस्कृति की विशिष्ट धरोहर इन्हें संजो कर रखना हमारा कर्तव्य: सीएम साय



**जशपुरनगर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जशपुर के दीपू बगीचा में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए। इस इस अवसर पर उन्होंने धरती माता, सूर्य देव एवं साल वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और समृद्ध फसल की कामना की। पूजा कराने वाले बैगा ने मुख्यमंत्री के कान में सरई (साल फूल) को खोंचकर सरहुल पर्व की शुभ रस्म निभाई। इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी 100 से अधिक महिलाओं एवं युवतियों की टोली ने सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं मांदर की थाप पर पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से झूम उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलेवासियों को सरहुल उत्सव तथा हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि सरहुल महोत्सव सदियों से प्रकृति और धरती पूजा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इस उत्सव में बैगा, पाहन एवं पूजारी द्वारा धरती माता की पूजा कर वर्षा, खेती और बरकत की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि यह जनजातीय समाज की विशिष्ट सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतीक है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री श्री योगेश बापट, विधायक श्रीमती गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, श्री कृष्ण कुमार राय, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री राजू गुप्ता, श्री मुकेश शर्मा, सरगुजा संभाग के कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, वनमंडलाधिकारी श्री शशि कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विधानसभा में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक प्रस्तुत किया गया है, जो धर्मांतरण रोकने में कारगर सिद्ध होगा।

सरकार प्रदेश की 3 करोड़ जनता से किए गए वादों को लगातार पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत 24 किश्तों में 15000 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं तथा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं और प्राप्त राशि का उपयोग आजीविका संवर्धन, सुकन्या समृद्धि जैसे कार्यों में कर रही हैं।

# राजधानी के 14 स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर

- प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने हितग्राहियों को वितरित किया प्रमाण पत्र



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की जनहितैषी योजना "मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना" के क्रियान्वयन हेतु रायपुर शहर के शंकर नगर जोन में आज शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रबंध निदेशक डिस्ट्रीब्यूशन श्री भीमसिंह कंवर ने किया।

कार्यक्रम में श्री कंवर ने हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये तथा योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे श्री देवेंद्र तिवारी भाजपा जिला अध्यक्ष कोरिया एवं मुख्य अभियंता रायपुर शहर एवं ग्रामीण श्री संजीव सिंह उपस्थित थे। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से प्रदेश के उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल के भुगतान में राहत दिलाने एवं आन स्पाट समाधान प्रदान कराने की दिशा मे यह योजना महत्वपूर्ण कदम है। योजना के अंतर्गत मार्च 2023 से अब तक बकाया बिजली बिल के सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ताओं को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा। श्री कंवर ने बताया कि यह पहली ऐसी योजना है जिसमें सक्रिय उपभोक्ता को पहली बार बकाया बिल में राहत दिया जाएगा। योजना में सक्रिय उपभोक्ता के तहत डीएलएफ, बीपीएल एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताएं शामिल है।

रायपुर शहर के 4 जोन (ईस्ट, वेस्ट, साउथ एवं सेंट्रल) के 14 स्थानों पर शिविर लगेंगे। अधीक्षण अभियंता सिटी सर्किल एक श्री महावीर विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मे संचालित बकाया वसूली अभियान के तहत कई बकायादारों ने भुगतान किया, इसी कारणवश कुछ शेष बकाया उपभोक्ता ही बचे हैं।

# चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों को सुगम व निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** चैत्र नवरात्रि मेला पर ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें सुगम व निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-कोरबा के मध्य चैत्र नवरात्रि मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 23 मार्च 2026 से 28 मार्च 2026 तक प्रतिदिन किया जा रहा था।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 06883/06884 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) फेस्टिवल मेमू स्पेशल के परिचालन में गाड़ी का ठहराव दोनों दिशाओं में सभी प्रमुख एवं लोकल स्टेशनों पैसेंजर हॉल्ट में दिया गया है, इससे नवरात्रि मेला के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों को अच्छी सुविधा मिलेगी। नवरात्रि मेला पर्व पर यात्रियों को 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक गोंदिया दुर्ग गोंदिया मेमू पैसेंजर का रायपुर तक विस्तार रायपुर डोंगरगढ़ रायपुर मेमू पैसेंजर का गोंदिया तक विस्तार एवं डोंगरगढ़ दुर्ग डोंगरगढ़ के मध्य अतिरिक्त मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की सुविधा के साथ 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव डोंगरगढ़ स्टेशन में दिया गया है। गाड़ी संख्या 06883 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-कोरबा मेमू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) स्टेशन से प्रतिदिन सुबह 05 बजे रवाना होकर दुर्ग स्टेशन पर 11ः05 बजे, रायपुर स्टेशन पर 12ः25 बजे, तिल्दा नेवरा स्टेशन पर 13.50 बजे, भाटापारा स्टेशन पर 14-14 बजे बिलासपुर स्टेशन पर 16.00 बजे तथा 19.30 बजे कोरबा स्टेशन पहुंचेगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06884 कोरबा- नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) मेमू, कोरबा स्टेशन से प्रतिदिन सुबह 05.10 बजे रवाना होकर बिलासपुर 7ः25 बजे, भाटापारा 8.37 बजे, तिल्दा नेवरा 9ः06 बजे, रायपुर 10.14 बजे, दुर्गा 1225 बजे गोंदिया 16.00 बजे, तथा 19.30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) स्टेशन पहुंचेगी।

# विकसित छत्तीसगढ़ के अधोसंरचना निर्माण में विशिष्ट योगदान देने की भूमिका में हाऊसिंग बोर्ड



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 12 फरवरी 2004 को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल का पुनर्गठन गठन किया गया। जिसका उद्देश्य विभिन्न आय वर्ग के लोगों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराना है। मण्डल द्वारा शासन की नीति/निर्देशों के अनुरूप 1 लाख से अधिक आवासों, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए है, का निर्माण किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा मण्डल के कार्यो को व्यापक विस्तार देने एवं आवास निर्माण के साथ-साथ अधोसंरचनागत विकास के कार्यो में सहभागिता निभाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, अधिनियम-1972 में आवश्यक संशोधन को मंजूरी दी गई। अब छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के रूप में कार्य करेगा। आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चैधरी ने बताया कि सार्वजनिक हित, मण्डल के कार्यो को विस्तार देने, अधोसंरचनागत विकास मॉडल के कार्यो के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के उद्देश्य से मण्डल अधिनियम 1972 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इस संशोधन के साथ ही छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के रूप में विभिन्न आय वर्ग, विशेषकर कमजोर एवं निम्न व मध्यम आय वर्ग के लोगों को किफायति घर उपलब्ध कराने के अपने मूल कार्य के अतिरिक्त अधोसंरचना विकास की योजनाएं, पुनर्विकास, सार्वजनिक निजी सहभागिता की योजनाएं, मिश्रित भूमि उपयोग, नगर विकास योजनाएं, राज्य शासन द्वारा सौंपे गये अन्य विशेष योजनाओं को क्रियान्वयन कर सकेगा। विभागीय मंत्री श्री ओ.पी. चैधरी ने बताया कि मण्डल अधोसंरचना विकास के अंतर्गत पुलो, सड़कों, राजमार्गो, हवाई अड्डों, जलप्रदाय, माल वाहन प्रणालियां विकसित कर क्रियान्वित कर सकेगा, साथ ही मण्डल राज्य के नगर विकास प्राधिकरणों, स्थानीय निकायों एवं अन्य संस्थाओं को तकनीकी एवं आंतरिक क्षमताओं व उनके वित्तीय संसाधनों में सुधारने के लिए सहायता व परामर्श सेवाएं भी उपलब्ध करा सकेगा।

# छत्तीसगढ़ में भारतीय जैन संघटना का राज्य अधिवेशन 22 मार्च को

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जैन संघटना (BJS) के तत्वावधान में राज्य अधिवेशन श्रृंखला का आठवां भव्य आयोजन आगामी 22 मार्च 2026, रविवार को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। यह अधिवेशन सुबह 9ः30 बजे से शाम 6ः30 बजे तक विमतारा (VimtAra) भवन शांति नगर, इंद्रावती कॉलोनी, रायपुर में संपन्न होगा।

BJS
Bharatiya Jain Sanghatana

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए राज्य अध्यक्ष विजय गंगवाल एवं राज्य महासचिव सी.ए. विकास गोलछा ने बताया कि अधिवेशन का उद्देश्य जैन समाज में एकता, संगठन और सामाजिक गतिविधियों को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा, मार्गदर्शन एवं योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी, समाज के प्रमुख गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। आयोजकों ने जैन समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# उपभोक्ताओं को राहत देने में न बरतें कोताही : भीमसिंह कंवर



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने 'मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026' की समीक्षा करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि उपभोक्ता सेवा में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुर्ग क्षेत्रीय मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के मुख्य अभियंता, अधीक्षण एवं कार्यपालन अभियंताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। श्री कंवर ने जोर देकर कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हर पात्र उपभोक्ता तक प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। उनहोंने कहा कि कार्यों में सुस्ती बरतने वाले जवाबदेह अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2023 से पहले के बकाया बिलों पर बड़ी राहत दी जा रही है, जिसमें बीपीएल और निष्क्रिय घरेलू/कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 50% से 75% तक और अधिभार (सरचार्ज) पर 100% की छूट मिलेगी। सक्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए 05 वर्ष से पूर्व एवं 01 से 05 वर्ष अवधि के बकाया पर मूल राशि पर क्रमश: 75% एवं 50% और अधिभार में 100% छूट के साथ-साथ सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर मूल राशि में 10% और तीन किस्तों में भुगतान पर 05% की अतिरिक्त छूट का प्रावधान के साथ 06 किस्तों में भी भुगतान की सुविधा एवं तीनों स्थितियों में अधिभार पर 100% छूट का प्रावधान है।

# ट्रैफिक सुधार हेतु व्यापारियों का संयुक्त निरीक्षण: शाम 5 से 9 बजे के प्रतिबंध पर प्रशासन को देंगे व्यवहारिक सुझाव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि ट्रांसपोर्ट व्यवस्था एवं ट्रैफिक समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन एवं व्यापारिक संगठनों के बीच संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में आदरणीय पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा व्यापारियों से बेहतर एवं व्यवहारिक सुझाव आमंत्रित किए जाने के परिप्रेक्ष्य में आज विभिन्न व्यापारी संघों के प्रतिनिधियों ने संबंधित क्षेत्रों का संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण (भ्रमण) किया।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी ने बताया कि इस दौरान व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्टेशन रोड, तेलघानी नाका, भैंसथान, गुढियारी, अग्रसेन चौक, प्रभात टॉकीज, संजय गांधी चौक, नहरपारा सहित प्रमुख ट्रांसपोर्ट एवं बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कर ट्रैफिक व्यवस्था, माल बुकिंग, लोडिंग-अनलोडिंग एवं आवागमन की वास्तविक स्थिति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण उपरांत व्यापारी संगठनों द्वारा विस्तृत चर्चा कर सुझाव तैयार किए गए।

# राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए प्रदेश में होगा अलग से संचालनालय का गठन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज विधानसभा स्थित समिति कक्ष में राज्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए प्रदेश में अलग से संचालनालय गठन,नवीन हॉस्टल भवन निर्माण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विकास संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा हमारी सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के विकास लिए प्रतिबद्ध है। हम उनकी चिंता कर नये विकास का कार्य कर रही है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की बड़ी संख्या निवास करती है, जिनमें लगभग 95 जातियां एवं उनके उपसमूह निवासरत है। हमारी सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग के शैक्षणिक एवं सामाजिक आर्थिक विकास की चुनौतियों के प्रति संवेदनशील है।

हमारी सरकार समाज के महत्वपूर्ण किन्तु विकास में पीछे रह गये इन वर्गों के सामाजिक सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देते हुए समग्र विकास के लिए कृत संकल्पित है।

संकल्प को पूर्ण करने हेतु हमारी सरकार ने पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग,मंत्रालय गठित किया है, जिससे इन वर्गों के विकास के लिए गति प्रदान की जा सके तथा इनके लिए नवाचार योजनाओं को लागू किया जा सके। इसके अतिरिक्त इन वर्गों के समस्याओं पर सम्यक रुप से विचार कर समस्या का समाधान किया जा सके, जिससे यह समाज भी विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सके।

पिछड़ा वर्ग के विकास हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया है तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग भी गठित किया गया है। इसके लिए लौहशिल्प विकास बोर्ड, रजककार विकास बोर्ड तथा तेलघानी विकास बोर्ड भी गठित किया गया है।

इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभाग ने नवीन मुख्य बजट में इन वर्गों के शैक्षणिक विकास हेतु छात्रावास, आश्रम, प्रयास आवासीय विद्यालय संस्थान स्थापित किये गये है। इसके अतिरिक्त पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति विद्यार्थी के खाते में सीधे भुगतान किया जा रहा है।

# रायपुर में ग्लोबल मेडिकल मंथन, रूमेटोलॉजी सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञ शामिल










**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रूमेटोलॉजी के क्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 14-15 मार्च को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 'वर्ल्ड रूमेटोलॉजी फोरम समिट 2026 - रूमेटोलॉजी मास्टर क्लासेस' (Rheumatology Maste - rclasses) का आयोजन मेफेयर होटल में किया गया, जिसमें देशभर के साथ-साथ पड़ोसी देशों से लगभग 450 डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की भागीदारी रही, जिनमें यूके से डॉ. विलियम टिलेट और डॉ. हेक्टर चिनॉय प्रमुख रहे। वहीं भारत के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ जैसे डॉ. अनीता महादेवन, डॉ. राजीव सेखरी और डॉ. दीपक तलवार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सत्रों के दौरान 25 से अधिक जटिल क्लिनिकल मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस आयोजन में प्रशिक्षुओं और कंसल्टेंट्स द्वारा करीब 165 पोस्टर प्रस्तुत किए गए, जबकि 200 से अधिक रिसर्च एब्स्ट्रैक्ट जमा किए गए। स्थानीय संस्थानों जैसे एम्स रायपुर, मेडिकल कॉलेज रायपुर, बालाजी अस्पताल, RIMS और MMI के छात्रों और डॉक्टरों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने शोध प्रस्तुत किए।

सम्मेलन का मुख्य विषय दो जटिल बीमारियों—मायोसाइटिस और सोरियाटिक आर्थराइटिस—पर केंद्रित रहा। ये दोनों ही ऑटोइम्यून रोग हैं। मायोसाइटिस मुख्य रूप से मांसपेशियों की बीमारी है, लेकिन यह फेफड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। वहीं सोरायसिस मुख्य रूप से त्वचा की बीमारी है, जो जोड़ों को भी प्रभावित कर सकती है।

विशेषज्ञों ने बताया कि ये बीमारियां बहुत दुर्लभ नहीं हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण इनका निदान अक्सर देर से होता है। बेहतर उपचार के लिए नई तकनीकों और एडवांस इमेजिंग पर भी चर्चा की गई।

सम्मेलन के साइंटिफिक चेयर चेन्नई के कावेरी हॉस्पिटल से डॉ. शाम एस रहे, जबकि आयोजन सचिव रायपुर के डॉ. अरुण कुमार केडिया थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित वर्कशॉप्स को प्रतिभागियों ने सराहा।

सम्मेलन का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसका संचालन साइंटिफिक चेयर ने किया। इसके बाद डॉ. अरुण कुमार केडिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। रविवार को सम्मेलन स्मारिका का भी विमोचन किया गया।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक,

# संपादकीय

## रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया। पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है। बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे। अपनी खराब छवि के कारण ही रवि लामिछाने ने शाह को पार्टी का चेहरा बनाया। ये दांव कामयाब रहा। लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। आरएसपी की सरकार को मतदाताओं की ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बेरोजगारी, युवाओं के सामने अवसरहीनता, गरीबी और आम विकास की कसौटियों पर पिछड़ापन वे समस्याएं हैं, जिनका समाधान नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां नहीं ढूंढ पाईं। इसके लिए प्रयासरत होने के बजाय उनके नेता आलीशान जिंदगी जुटाने में लग गए। क्या आरएसपी उससे अलग संस्कृति और समाधान दे पाएगी, यह अब मुख्य प्रश्न है।

# संलेखना से ही मिलता है जीवन को श्रेष्ठता और पवित्रता का आयाम








## मुनि श्री विष्णु सागर जी महाराज की स्मृति में नई दिल्ली के मावलंकर हॉल में जुटे संत, नेता व समाजजन

नई दिल्ली (विश्व परिवार)।

पूज्य मुनि श्री 108 विष्णु सागर जी महाराज (गृहस्थ जीवन में श्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार के पूज्य पिताजी) की पावन स्मृति में विनयांजलि सभा 18 मार्च को सायं 5:00 बजे नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के मावलंकर हॉल में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज, लोकेश मुनि, श्री योगभूषण जी महाराज सहित अनेक संतों का मंगल सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर देशभर से आए समाज के गणमान्य नागरिकों, धार्मिक नेताओं एवं श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे पूरा सभागार श्रद्धा भाव से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें सांसद मनोज तिवारी, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी एवं श्री प्रदीप जैन आदित्य सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर सभा का विधिवत शुभारंभ किया। सभा में आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि संलेखना का भारतवर्ष में आदि काल से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यह केवल एक व्रत नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि, त्याग और संयम की सर्वोच्च साधना है, जो मनुष्य को मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए बताया कि सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने भी अपने जीवन के अंतिम समय में संलेखना धारण की थी और कर्नाटक के प्रसिद्ध तीर्थ श्रवणबेलगोला में तपस्या करते हुए आत्मकल्याण का मार्ग अपनाया। यह दर्शाता है कि संलेखना केवल साधु-संतों तक सीमित नहीं, बल्कि महान शासकों और गृहस्थों द्वारा भी अपनाई गई एक उच्चतम आध्यात्मिक परंपरा रही है।आचार्य श्री ने कहा कि संलेखना के माध्यम से व्यक्ति अपने समस्त कषायों, राग-द्वेष और मोह का त्याग कर आत्मा को निर्मल बनाता है। यह साधना जीवन के अंतिम क्षणों को भी पवित्र, शांत और सार्थक बना देती है तथा मृत्यु को भी एक उत्सव के रूप में स्वीकार करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदीप जैन आदित्य वास्तव में धन्य हैं, जिन्हें इतने धार्मिक एवं संस्कारित पिताजी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने जीवन में सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और धार्मिकता का अद्भुत उदाहरण संलेखना लेकर प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीत वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है के माध्यम से भगवान महावीर के सिद्धांतों की प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया। पूर्व मंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज जब विश्व में अराजकता का वातावरण है, तब अहिंसा और 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत अत्यंत आवश्यक हो गया है। भगवान महावीर का संदेश वर्तमान समय में समाज को सही दिशा देने वाला है। संलेखना से मानव कल्याण होता है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भी विनयांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्हें श्री प्रदीप जैन आदित्य के साथ कार्य करने का अवसर मिला और उनका परिवार सदैव सामाजिक व धार्मिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा है। सभा में भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज जैन गंगवाल, ग्लोबल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुनालाल हपावत, तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्मू प्रसाद जैन, दिगंबर जैन परिषद के पुनीत जैन, दिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष मणिन्द जैन, गृहस्थ जीवन के पुत्र श्री अजीत जैन, प्रदीप जैन आदित्य पूर्व मंत्री, अनिल जैन सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। पूज्य मुनि श्री 108 विष्णु सागर जी महाराज की पावन स्मृति में आयोजित विनयांजलि सभा में उनकी गृहस्थ जीवन की बड़ी पुत्री, विदिशा निवासी श्रीमती सुधा जैन (लेखिका एवं कवि) ने अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन धर्म हमें सिखाता है कि मृत्यु शोक का विषय नहीं, बल्कि आत्मा की यात्रा का उत्सव है। यद्यपि पिता के वियोग से मन अत्यंत व्यथित है, लेकिन यह संतोष भी है कि उन्होंने मुनि दीक्षा लेकर संलेखना जैसे महान व्रत को धारण किया। श्रीमती सुधा जैन ने कहा कि संलेखना आत्मकल्याण का सर्वोच्च मार्ग है, जो त्याग, संयम और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। पूज्य मुनि श्री विष्णु सागर जी महाराज ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों को भी साधना में परिवर्तित कर हम सभी को एक अद्वितीय प्रेरणा दी है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि पिता के रूप में उनका जाना व्यक्तिगत क्षति है, लेकिन एक संत के रूप में उनकी संलेखना ने हमारे पूरे परिवार और समाज के जीवन को धन्य बना दिया है। ग्लोबल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जमुना लाल हपावत ने कहा कि जैन धर्म में संलेखना का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, आज के भौतिकवादी युग में संलेखना का संदेश हमें सादगी, संयम और आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करता है, जो समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। मुनि श्री विष्णु सागर जी कि संलेखना समाधि दिनांक -16मार्च 2026 को श्री दिगम्बर जैन तीर्थ करगुवा जी जिला झांसी में गणाचार्य विराग सागर जी शिष्य मुनि श्री 108 विश्वमित सागर जी महाराज के सान्निध्य में ब्र. सुखदा भैयाजी,ब्र. लालू भैया जी की देखरेख में हुई थी। इसके अतिरिक्त जैन राजनीतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष हुकुमचंद काका (कोटा), सांसद जे.पी.अग्रवाल जी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली कांग्रेस कमेटी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, पूर्व सांसद उदित राज, दानिश अली पूर्व सांसद, राज्यसभा सांसद श्री अशोक सिंह जी, मनमोहन अग्रवाल जी संपादक दैनिक भास्कर, वरिष्ठ पत्रकार स्वदेश भूषण (दिल्ली), कटनी से पधारे पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय पदाधिकारी सुभाष ओसवाल, अमित राय जैन (राष्ट्रीय महामंत्री), श्वेतांबर समाज से ललित जैन नाहटा, पवन गोधा (महामंत्री), मदन जैन (गोलापूर्व महासभा अध्यक्ष), संजय जैन (विश्व जैन संगठन), पूर्व सांसद एवं विधायक सुनील जैन तथा पूर्व विधायक निशंक जैन, श्री प्रमोद जैन वर्धमान, सुमित जैन जैन राजनैतिक चेतना मंच, मोहम्मद अध्नाम, हरिश यादव, सुधीर बजाज, महेंद्र जी अध्यक्ष अहार जी, आदित्य गुप्ता, जीवेन्द जैन गाजियाबाद, एड. रोहित पांडे हाईकोर्ट, एस सी जैन पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल सुप्रीम कोर्ट, डॉ. इंदू जैन मंच संचालक, गौरव जैन ग्वालियर, श्री प्रशांत जैन स्थानकवासी, हेमन्त जैन के एल जे, विराग गुप्ता अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट आई.ए.एस.विनोद पिपरसेनिया पूर्व मुख्य सचिव आसाम सरकार, विपिन जैन, अब्दुल रहमत पूर्व विधायक, श्री बृजेन्द्र व्यास पूर्व विधायक, गयादीन हरदा पूर्व विधायक, शरद कासलीवाल पत्रकार, अतुल जैन, विपुल जैन, सुरेश जैन भारत विकास परिषद संगठन मंत्री सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन झांसी जैन समाज के महामंत्री कमल जैन लोकपथ एवं कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रभारी अशोक जैन क्रांतिकारी द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सारगर्भित रूप से संचालित किया। पूज्य मुनि श्री 108 विष्णु सागर जी महाराज की विनयांजलि सभा में उस समय भावुक वातावरण बन गया, जब कांग्रेस प्रवक्ता एवं उनके पौत्र गौरव जैन ने मुनिश्री का वसीयतनामा मंच से पढ़कर सुनाया। वसीयतनामे में मुनि श्री ने स्पष्ट रूप से लिखा कि मेरे जीवन में एक पैसे की भी आवश्यकता नहीं है। मेरी जितनी भी पूंजी है, वह धर्म कार्यों में लगाई जाए। उन्होंने आगे कहा कि मेरी वास्तविक पूंजी मेरा परिवार है, जो धर्म की सेवा के साथ-साथ मानवता की सेवा करते हुए आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर रहे। इस संदेश को सुनते ही सभागार में उपस्थित सभी श्रद्धालु एवं गणमान्यजन भाव-विभोर हो उठे। मुनिश्री के त्याग, वैराग्य और उच्च आध्यात्मिक दृष्टि का यह अद्भुत उदाहरण सभी के लिए प्रेरणास्रोत बन गया। गौरव जैन ने भावुक स्वर में कहा कि दादाजी का पूरा जीवन सादगी, सेवा और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। उनका यह अंतिम संदेश न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए मार्गदर्शक है। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने भी मुनिश्री के इस त्यागमय दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा वैराग्य ही सच्चे संत जीवन की पहचान है, जो भौतिक संपत्ति से ऊपर उठकर धर्म और मानव सेवा को सर्वोच्च स्थान देता है। सभा के अंत में सभी उपस्थित जनों ने पूज्य मुनि श्री विष्णु सागर जी महाराज को भावभीनी विनयांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

# आलेख

## भारतीय नववर्ष नवचेतना,नवसंस्कार और आदिनाथ का दिव्य संदेश

प्रो. (डॉ.) राजीव जैन, आगरा




भारतीय संस्कृति का प्रत्येक पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का सजीव अध्याय है। चैत्र शुक्ल एकम—जिसे देश के विभिन्न अंचलों में गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है—ऐसा ही एक पावन दिवस है, जो नववर्ष के साथ-साथ नवचेतना, नवसंस्कार और नवसंकल्प का संदेश लेकर आता है। यह वह शुभ घड़ी है, जब प्रकृति स्वयं नवजीवन का आह्वान करती है—वृक्षों पर नवपल्लव, वातावरण में नवसुगंध और चेतना में नवप्रेरणा का संचार होता है। मानो संपूर्ण सृष्टि एक नए अध्याय के आरंभ का उत्सव मना रही हो। जैन दर्शन की दृष्टि से यह दिवस और भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो उठता है, क्योंकि यह हमें प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) की स्मृति और उनके द्वारा प्रदत्त दिव्य जीवन-दर्शन की ओर ले जाता है। जब कल्पवृक्षों का युग समाप्ति की ओर अग्रसर हुआ और मानव जीवन सहजता से संघर्ष की ओर बढ़ा, तब समाज दिशाहीनता के अंधकार में डूबने लगा। ऐसी विषम परिस्थिति में भगवान आदिनाथ ने केवल एक अवतार नहीं लिया, बल्कि मानव सभ्यता को एक नई दिशा दी। उन्होंने जीवन को साधना और व्यवस्था का स्वरूप

## नौकरशाही में भ्रष्टाचार का अध्याय नहीं

हरिशंकर व्यास

इस पहेली को सुलझाया जा रहा है कि एनसीईआरटी ने आठवीं क्लास के बच्चों को न्यायपालिका मे भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाने का फैसला किया तो शासन के बाकी अंगों या लोकतंत्र के बाकी स्तंभों के बारे में क्यों नहीं कुछ सोचा? क्या एनसीईआरटी की किताब तैयार करने वाली कमेटी की नजरों में लोकतंत्र के बाकी तीन स्तंभ पाक साफ हैं? उनके यहां भ्रष्टाचार नहीं है? कहीं ऐसा तो नहीं है कि पर्ची निकाल कर तय किया गया कि पहले न्यायपालिका का भ्रष्टाचार पढ़ाया जाएगा और उसके बाद बाकी स्तंभों के भ्रष्टाचार के बारे में बताया जाएगा? क्योंकि दुनिया भर में प्रेस फ्रीडम को लेकर काम करने वाली ज्यादातर संस्थाओं ने भारत में मीडिया कि रेटिंग काफी नीचे रखी है। भारत में मीडिया की विश्सनीयता भी बाकी संस्थाओं से कम है। सत्ता पक्ष के नेताओं ने सरकार पर सवाल उठाने वालों को टुकड़े टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल का टैग दे दिया तो दूसरी ओर विपक्ष ने सरकार का समर्थन करने वालों को गोदी मीडिया या भक्त मीडिया का टैग दे दिया। इसका मतलब है कि किसी की नजर में मीडिया विश्वसनीय नहीं है।

# चैत्र नवरात्रः सनातन परंपरा में शक्ति, श्रद्धा और नवजीवन का दिव्य महापर्व

विश्वनाथ झा

भारत की सनातन संस्कृति में चैत्र नवरात्रि आस्था, शक्ति और साधना का अनुपम महापर्व है। यह केवल नौ दिनों का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण, मन के शुद्धिकरण और जीवन में नई ऊर्जा के संचार का पावन अवसर है। इन दिनों में भक्त अपनी श्रद्धा को दीप की लौ की तरह प्रज्वलित कर देवी शक्ति के चरणों में समर्पित करते हैं और संकल्प लेते हैं कि वे अज्ञान के अंधकार से निकलकर ज्ञान और सकारात्मकता के प्रकाश की ओर अग्रसर होंगे। यही वह कालखंड है, जब भक्ति भाव अपने उत्कर्ष पर होता है और जन-जन के हृदय में जय माता दी की गूंज नई आशा, नई शक्ति और नवआरंभ का संदेश बनकर फैलती है। वास्तव में, भारत की सनातन परंपरा में चैत्र नवरात्रि केवल तिथियों का क्रम नहीं, बल्कि जीवन के नवोदय, आत्मशुद्धि और शक्ति-आराधना का दिव्य संगम है, जो मनुष्य को बाहरी जगत से उठाकर उसके अंतरतम के प्रकाश से जोड़ देता है।

### प्रकृति के स्पंदन से नवरात्रि का उदय


जब शीत की कठोरता विलीन होकर वसंत की कोमलता में परिवर्तित होती है, जब वृक्षों की शाखाओं पर नवांकुर हंसने लगते हैं, जब पवन में पुष्पों की गंध घुल जाती है, तब प्रकृति स्वयं एक उत्सव बन जाती है। यही वह क्षण है, जब चैत्र मास का आगमन होता है और उसके साथ आरंभ होती है नवरात्रि की अलौकिक साधना। यह केवल संयोग नहीं कि नवरात्रि इसी समय आती है। यह प्रकृति और मनुष्य के बीच गहरे संबंध का संकेत है। जैसे प्रकृति अपने पुराने पत्तों को त्यागकर नया जीवन धारण करती है, वैसे ही मनुष्य भी इन नौ दिनों में अपने भीतर की नकारात्मकताओं को त्यागकर नवचेतना का आलोक प्राप्त करता है।

### सनातन परंपरा में शक्ति का स्वरूप

सनातन धर्म में शक्ति को सृष्टि की मूल प्रेरणा माना गया है। शिव बिना शक्ति के शून्य हैं और शक्ति बिना शिव के निष्क्रिय। यही द्वैत का अद्वैत है, जो सृष्टि को गति देता है। चैत्र नवरात्रि इसी शक्ति की उपासना का पर्व है। यह वह समय है, जब साधक देवी के विविध स्वरूपों में उस परम ऊर्जा को अनुभव करता है, जो जीवन को गति, दिशा और अर्थ प्रदान करती है। यह आराधना केवल बाह्य अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों में उतरने की प्रक्रिया है।

### शक्ति की आराधना का महापर्व

चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना का पर्व है। प्रत्येक दिन देवी के एक विशेष रूप की पूजा की जाती है। शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री। इन नौ दिनों में साधक देवी के विभिन्न रूपों की आराधना करके आत्मबल, ज्ञान और शक्ति प्राप्त करता है। यह पर्व यह संदेश देता है कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार तभी संभव है, जब हम भीतर की शक्ति को पहचानें।




### नवरात्रि है साधना व आत्मा का उत्कर्ष

नवरात्रि के नौ दिन साधना के नौ सोपान हैं। यह यात्रा बाहरी जगत से भीतर की ओर और फिर भीतर से परम चेतना की ओर ले जाती है। पहले दिन से लेकर नवमी तक साधक क्रमशः अपने भीतर के अज्ञान, भय, मोह और अहंकार को त्यागता है। यह प्रक्रिया किसी युद्ध से कम नहीं है। यह युद्ध बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक है। पहला चरणः शुद्धि—जब मन और शरीर को संयम में लाया जाता है। दूसरा चरणः स्थिरता—जब विचारों को नियंत्रित किया जाता है। तीसरा चरणः साधना—जब आत्मा ध्यान और भक्ति में लीन होती है। चौथा चरणः जागरण—जब भीतर की चेतना प्रकाशित होती है। इन नौ दिनों में व्यक्ति स्वयं को पुनः गढ़ता है, जैसे कुम्हार मिट्टी को आकार देता है।

### नवरात्रि में भक्ति के स्वर, श्रद्धा की लय और आस्था का ताल समाहित

यदि नवरात्रि को एक काव्य माना जाए, तो उसका प्रत्येक दिन एक नया छंद है, प्रत्येक अनुष्ठान एक अलंकार है और प्रत्येक प्रार्थना एक भावपूर्ण पंक्ति। यह पर्व मानो जीवन की वीणा पर बजती हुई वह मधुर धुन है, जिसमें भक्ति के स्वर, श्रद्धा की लय और आस्था का ताल समाहित है। यहां दीपक केवल प्रकाश नहीं देता, वह अज्ञान के अंधकार को चीरने का प्रतीक बन जाता है। यहां कलश केवल पात्र नहीं, वह सृष्टि के बीज का संकेत है।

### पूजा में कर्म और भावना का संगम

चैत्र नवरात्रि की पूजा में विधि और भावना दोनों का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करना, घर और मंदिर को स्वच्छ करना, कलश स्थापना करना—ये सब केवल क्रियाएं नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने के साधन हैं। उपवास का महत्व भी अत्यंत गहरा है। यह केवल भोजन का त्याग नहीं, बल्कि इंद्रियों पर नियंत्रण का अभ्यास है। जब शरीर संयमित होता है, तब मन भी स्थिर होता है, और जब मन स्थिर होता है, तब आत्मा परम चेतना के निकट पहुंचती है। मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और ध्यान ये सभी साधक को उस दिव्य ऊर्जा से जोड़ते हैं, जो जीवन को अर्थपूर्ण बनाती है।

### सांस्कृतिक चेतना का जीवंत उत्सव

भारत की विविधता में एकता का सबसे सुंदर उदाहरण नवरात्रि में देखने को मिलता है। उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम—हर क्षेत्र में यह पर्व अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है, परंतु उसका मूल भाव एक ही रहता है—भक्ति और शक्ति। कहीं यह पर्व राम जन्म की तैयारी के रूप में मनाया जाता है, तो कहीं नववर्ष के स्वागत के रूप में। कहीं घरों में घट स्थापना होती है, तो कहीं भव्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना। यह विविधता ही भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। नवरात्रि इस विविधता को एक सूत्र में पिरोती है और यह संदेश देती है कि भले ही हमारी परंपराएं अलग हों, पर हमारी आस्था एक है।

### समरसता और नारी सम्मान का संदेश

चैत्र नवरात्रि का एक महत्वपूर्ण पक्ष इसका सामाजिक संदेश है। देवी की पूजा के माध्यम से नारी शक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया जाता है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि समाज की प्रगति तभी संभव है, जब नारी का सम्मान हो। कन्या पूजन की परंपरा इसी भावना का प्रतीक है। छोटी-छोटी बालिकाओं में देवी का रूप देखकर उनका पूजन करना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देना है कि नारी ही सृष्टि की आधारशिला है। इसके साथ ही यह पर्व सामूहिकता और सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। लोग मिलकर पूजा करते हैं, भंडारे आयोजित करते हैं और जरूरतमंदों की सहायता करते हैं।

### आस्था का शंखनाद

नवरात्रि के दौरान आस्था अपने चरम पर होती है। मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है, घंटियों की ध्वनि और शंखनाद वातावरण को पवित्र बना देते हैं। हर भक्त के मन में एक अलग भावना होती है—कोई सुख की कामना करता है, कोई दुख से मुक्ति चाहता है, कोई केवल दर्शन की आकांक्षा लेकर आता है। परंतु सभी की मंजिल एक ही होती है—देवी की कृपा। यह आस्था ही वह शक्ति है, जो मनुष्य को कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का साहस देती है।

### आत्मा का आंतरिक जागरण

चैत्र नवरात्रि केवल बाहरी उत्सव नहीं, बल्कि आंतरिक जागरण का पर्व है। यह हमें अपने भीतर झांकने का अवसर देती है। जब हम ध्यान करते हैं, जब हम मंत्रों का जाप करते हैं, तब हम अपने भीतर उस शांति को अनुभव करते हैं, जो बाहरी संसार में कहीं नहीं मिलती। यह पर्व हमें सिखाता है कि सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मा की शांति में है।

### आधुनिक जीवन में नवरात्रि की प्रासंगिकता

आज का जीवन भागदौड़ और तनाव से भरा हुआ है। ऐसे समय में नवरात्रि हमें ठहरने, सोचने और स्वयं को समझने का अवसर देती है। यह पर्व हमें सिखाता है—संयम का महत्व, सकारात्मक सोच की शक्ति, आत्मनियंत्रण का मूल्य। नवरात्रि हमें यह याद दिलाती है कि चाहे जीवन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, हमें अपने भीतर की शांति को बनाए रखना चाहिए।

### नवजीवन का उद्घोष

चैत्र नवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह हमें सिखाती है कि हर अंत के बाद एक नई शुरुआत होती है, हर अंधकार के बाद प्रकाश आता है। यह पर्व हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानने, उसे जागृत करने और जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा देता है। जब हम दीप जलाते हैं, जब हम आरती करते हैं, जब हम देवी का स्मरण करते हैं, तब हम केवल एक परंपरा का पालन नहीं कर रहे होते, बल्कि हम अपने भीतर उस दिव्य ज्योति को प्रज्वलित कर रहे होते हैं, जो हमें अज्ञान से ज्ञान और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। अंततः, चैत्र नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि जीवन एक साधना है, और इस साधना में सफलता तभी मिलती है, जब हम श्रद्धा, विश्वास और समर्पण के साथ आगे बढ़ते हैं। यही है नवरात्रि का महात्म्य शक्ति का जागरण, आत्मा का उत्थान और जीवन का उत्सव।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशाला ने पूरे किये 351 जयपुर पैरों का वितरण



■ 27 वर्षीय पोलस्ती नियाल कृत्रिम पैर लगाकर खड़ी हुई तो खुशी से रो पड़ी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** महावीर इंटरनेशनल त्रिशाला द्वारा श्री विनय मित्र मण्डल के पचपेड़ी नाका स्थित वर्कशॉप में पैर कटे दिव्यांगों को जयपुर पैर के वितरण की श्रृंखला में आज 351 वां कृत्रिम पैर वितरित किया गया। त्रिशला शाखा की अध्यक्षा शीला श्रीश्रीमाल ने बताया कि आज 18 पैर कटे भाई बहनों को बिना सहारे चलते देखकर सभी उपस्थितजन रोमांचित महसूस करने लगे। जयपुर पैर लीला श्रीश्रीमाल , रम्भा श्रीश्रीमाल , रमेश कोठारी , जयश्री पुगलिया , व गुप्त दान के सौजन्य से दिये गए हैं । श्री विनय मित्र मण्डल द्वारा संचालित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में घुटनों के ऊपर से कटे 3 दिव्यांग व घुटने से नीचे से पैर कटे 15 भाई बहनों को कृत्रिम पैर लगाकर चलाया गया । जिसमें पोलस्ती नियाल 27 वर्ष नुआपाड़ा उड़ीसा , राकेश यादव 23 वर्ष , हीरा ध्रुव 23 वर्ष पैर लगाकर स्वावलंबी जीवन यापन कर रहे हैं। नुआपाड़ा उड़ीसा की 27 वर्षीय के पैर दुर्घटना में कट गए थे , आज श्री विनय मित्र मण्डल के वर्कशॉप में बिना सहारे जयपुर पैर लगाकर खड़ी हुई तो खुशी से रो पड़ी। इस कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल त्रिशला की शीला श्रीश्रीमाल , लीला श्रीश्रीमाल , कुसुम श्रीश्रीमाल , जयश्री पुगलिया , सुनंदा श्रीश्रीमाल , सुधा सेठिया उपस्थित थी। गवर्निंग काउंसिल के मेम्बर देवीचंद श्रीश्रीमाल , डॉ निरंजन हरितवाल , सुनील गुप्ता श्री विनय मित्र मण्डल के पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद उपस्थित थे।

## गणगौर उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सदर बाजार स्थित प्रजापति निवास पर गणगौर उत्सव मनाया गया जिसमें महिलाओं द्वारा विशेष रूप से भाग लिया गया।

जिसमे प्रमुख रूप से शिला प्रजापति, सुनिता प्रजापति, पूनम प्रजापति अर्चना शर्मा, चित्रा देवांगन, कंचन पवार, जया किरण सोनी, रोशनी सोनी, तारा सोनी, विजय लक्ष्मी पुरोहित, रुपा मिश्रा, चंद्रकला शर्मा, सारिता शर्मा, प्रिटका शर्मा, विशाखा शर्मा, कोमल शर्मा राजकुमारी व्यास, स्वाति प्रजापति, आशा, व्यास एव, रेखा प्रजापति, बबीता प्रजापति एवं समस्त गोपाल मदिर परिवार सम्मिलित हुआ।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन को दी श्रद्धांजलि

■ परिजनों से भेंट कर बंधाया ढांढस, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति योगदान को किया नमन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुरनगर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय श्री महावीर प्रसाद जैन के निवास पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री महावीर प्रसाद जैन का जीवन समाज सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और समाज को प्रेरणा देता रहेगा।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।


## ग्रामीण भारत का परिवर्तनकारी बदलाव विषय पर वार्तालाप का आयोजन




**कवर्धा (विश्व परिवार)।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन पत्र सूचना कार्यालय (PIB), रायपुर द्वारा आज कवर्धा में एक दिवसीय वार्तालाप (मीडिया कार्यशाला) का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय विबी-जी-राम-जी ग्रामीण भारत का परिवर्तनकारी बदलावथा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में कवर्धा जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा उपस्थित रहे।

मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गणेश शंकर मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि विबी-जी-राम-जी मात्र एक रोजगार देने वाली योजना नहीं है, बल्कि ग्रामीण आबादी के संपूर्ण आजीविका परिदृश्य के कायाकल्प के लिए तैयार की गई एक महत्वाकांक्षी पहल है। उन्होंने बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कृषि चक्र बाधित न हो, योजना में विशेष रूप से 60 दिनों का एक ब्लॉक शामिल किया गया है, ताकि फसल कटाई के सीजन के दौरान किसान प्रभावित न हों। उन्होंने रेखांकित किया कि चूंकि भारत की 73त्न से अधिक आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 के अंतर्गत 'टॉक शो' का आयोजन 26 मार्च को




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर में एक विशेष टॉक शो का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 26 मार्च को दोपहर 2ः30 बजे वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस, रायपुर में आयोजित होगा।

कार्यक्रम का विषय कहानियां जो आईना दिखाएं और संवेदना से समाधान तक ले जाएं रखा गया है। इस टॉक शो के माध्यम से समाज में व्याप्त उन भावनाओं और मुद्दों को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा, जो अक्सर दिलों में ही रह जाते हैं, लेकिन मंच पर खुलकर सामने आने से समाधान की दिशा मिल सकती है। कार्यक्रम में आप और हम-सीधी बातचीत के जरिए संवाद स्थापित किया जाएगा।

इस आयोजन का संचालन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रायपुर, जैन सोशल ग्रुप रायपुर, जैन मिलन ग्रुप रायपुर एवं श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

कार्यक्रम में समाधान विशेषज्ञ के रूप में पूर्व प्रधान जिला न्यायाधीश श्री नीलम चंद सांखला एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनिल द्विवेदी उपस्थित रहेंगे, जो विभिन्न सामाजिक एवं व्यक्तिगत विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे।

कार्यक्रम प्रभारी के रूप में ममताङ्कअजय जैन, अशोक मुकीम एवं राजीवङ्कचाँदनी जैन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से इस विशेष कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।

## गौ सेवक कर रहे हैं 27 अप्रैल को गो सम्मान आह्वान अभियान की तैयारी



**आरंग (विश्व परिवार)।** 27 अप्रैल को गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत पूरे देश में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसके लिए गौ सेवक नगर व गांव के चौक चौराहों सहित घरों में पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाने पत्र भेंटकर आमंत्रित कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस अभियान को सफल बनाने देश भर में

सभी सनातनी,साधु महात्मा, गौ सेवक व गौ प्रेमी 27 अप्रैल को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम गो रक्षा व गो सम्मान के लिए तहसील व अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे ।इसी कड़ी में धर्म नगरी आरंग में भी गौ सेवको द्वारा 27 अप्रैल को कुमारेश्वर महादेव मंदिर में एकत्रित होकर बाजे-गाजे के साथ शांति पूर्ण ढंग से शोभायात्रा निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की जा रही हैं।

## कलेक्टर ने लच्छनपुर में वट वृक्ष के नीचे लगाई चौपाल



ग्रामीणों की सुनी समस्यायें

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को विकासखण्ड पलारी अंतर्गत विभिन्न ग्रामो का दौरा कर योजनाओं और कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत लच्छनपुर में बरगद पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने जल संचय जन भागीदारी 2.0 अंतर्गत मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जिस वट वृक्ष के छांव के. नीचे हम सब एकत्रित हुए है उस वट वृक्ष को पुरखो ने कई साल पहले लगाया था जिसका सुखद परिणाम आज हमें मिल रहा है। इसी तरह भावी पीढ़ी के लिये जल संरक्षण आवश्यक है।

## चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से की मुलाकात

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज दिनांक 19 मार्च 2026 को राजधानी में ट्रांसपोर्ट संबंधी प्रतिबंधों के कारण व्यापारिक गतिविधियों में आ रही बाधाओं और व्यापारियों को हो रही वित्तीय हानि को देखते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से मुलाकात की।



बैठक के दौरान चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी द्वारा कमिश्नर को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ट्रांसपोर्ट पर प्रतिबंध के चलते न केवल माल की आवाजाही प्रभावित हो रही है, बल्कि इससे व्यापारिक लागत बढ़ रही है और समय पर डिलीवरी न होने से व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए रायपुर कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने अनौपचारिक रूप से प्रतिबंधों को शिथिल करने तथा जल्द ही इस विषय पर स्थाई समाधान करने का आश्वासन दिया जिससे व्यापारिक संस्थानों एवं गोडाउंस में माल की लोडिंग और अनलोडिंग की विशेष सुविधा व्यापारियों को मिल सके।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि, चेम्बर हमेशा से व्यापारियों और प्रशासन के मध्य सेतु का कार्य करता आ रहा है तथा चेम्बर व्यापारिक हित की रक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहा है।

## कलिंगा विश्वविद्यालय और सिद्धाचलम प्रयोगशाला के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर और सिद्धाचलम प्रयोगशाला, बिरगांव रायपुर के बीच कैलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में एक समझौता ज्ञापन (Mo) पर हस्ताक्षर किए गए, जो शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान विकास और ज्ञान के आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों, शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों, कौशल विकास पहलों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सहयोगात्मक परियोजनाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। यह साझेदारी विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों तथा शोधकर्ताओं के लिए अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक दक्षताओं को बढ़ाने के अवसर प्रदान करने की अपेक्षा करती है। इस समझौता ज्ञापन (MoU) पर डॉ. भावना जैन, निदेशक, सिद्धाचलम प्रयोगशाला तथा डॉ. संदीप गांधी, कुलसचिव, कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर डॉ. संयोगिता शाही - प्रोफेसर, रसायन विभाग तथा डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान डॉ. संदीप गांधी, कुलसचिव ने इस पहल का स्वागत किया और मजबूत शैक्षणिक एवं व्यावसायिक नेटवर्क के निर्माण के प्रयास की सराहना की।

## भाटापारा में आदिनाथ का जन्म कल्याणक, रथ यात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**भाटापारा (विश्व परिवार)।** श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर के तत्वाधान में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है । प्रातः काल मंदिर जी में भगवान का मंगल अभिषेक, शांति धारा संपन्न की गई ।अभिषेक के पश्चात श्री जी की प्रतिमा रथ में विराजमान की गई । बाल ब्रह्मचारी दीपक भैया जी अमरकंटक. ज्योतिषाचार्य वास्तुविद श्री भरत शास्त्री इंदौर के मंगल सानिध्य में मंत्राचार के साथ भगवान को रथ में विराजमान किया गया । उसके पश्चात रथ यात्रा प्रारंभ हुई । रथ यात्रा मंडी रोड, सती मंदिर, सदर बाजार ,गोविंद चौक रामसप्ताह चौक, जय स्तंभ चौक होते, हुए मंदिर जी में सानंद संपन्न हुई ।





भाटापारा नगर की 32 समाज के द्वारा भगवान के रथ की अगवानी की गई एवं पूजा की गई।

कर्नाटक में निर्मित 27 फीट ऊंचा सागौन लकड़ी का बना हुआ नक्काशीकारी रथ वर्ष में एक बार आदिनाथ जयंती के दिन निकाला जाता है, नगर भ्रमण के पश्चात पुनः रख दिया जाता है ।

भाटापारा को धर्म नगरी के नाम से जाना जाता है वर्ष में एक दिन रथ यात्रा निकाली जाती है, इसमें प्रमुख रूप से सिख समाज, अग्रवाल समाज, सतनाम समाज, झूलेलाल मंदिर कमेटी, पूज्य सिंधी पंचायत, श्री दादी मंदिर कमेटी ,यादव समाज ,पटेल समाज ,साहू समाज ,वर्मा समाज, ठाकुर समाज. आदि गौड़ ब्राह्मण समाज , माहेश्वरी समाज,चेंबर ऑफ कॉमर्स, मुस्लिम समाज, बोहरा समाज, देवांगन समाज, गुप्ता समाज, केशरवानी समाज ,वैष्णव समाज ,छत्तीसगढ़ी अग्रवाल दाऊ समाज, पेंशनधारी शिक्षक संघ ,वर्मा समाज,मानिकपुरी समाज, गुरुकुल के संचालक श्री राम रतन जी मूंदड़ा के द्वारा पुष्प वर्षा की गई ,श्वेतांबर श्री संघ के जे के ज्वैलर्स श्री शांतिलाल ललवानी जी के द्वारा रंग गुलाल की होली खेली गई ,आदि अनेक समाजों के द्वारा रथ की अगवानी पूजा का कार्य संपन्न किया गया।

भगवान की जन्म भूमि अयोध्या से भगवान के तांबे के चरण प्राप्त हुए थे, जिन्हें सभी समाज प्रमुख को बाल ब्रह्मचारी दीपक भैया अमरकंटक के माध्यम से प्रदान किए गए, एवं सभी को रत्न एवं तांबे की अंगूठी भी प्रदान की गई । रथ यात्रा संपन्न होने के पश्चात आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मूल नायक भगवान आदिनाथ जी का महामस्तका अभिषेक आनंद से संपन्न किया गया। जिसमें बाहर से आए हुए भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान का मस्तका अभिषेक संपन्न किया ।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज एवं आदिनाथ मंदिर कमेटी के द्वारा छत्तीसगढ़ में सामाजिक रचनात्मक धार्मिक कार्यों में विशेष योगदान देने वालों का सम्मान किया गया।

इस वर्ष आचार्य भगवान श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में नयापारा राजिम एवं बलौदा बाजार में भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ था द्य आदिनाथ मंदिर एवं छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा मंदिर कमेटी, निर्माण कमेटी ,सभी को मोमेंटो देकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी मंदिर संरक्षक नवीन गदिया श्री सुशील जैन नैला थे। मंदिर कमेटी के द्वारा समस्त समाज एवं सभी समाज के प्रमुख के प्रसाद भोजन की व्यवस्था रखी गई थी कार्यक्रम में बलौदा बाजार, नयापारा राजिम, अकलतरा , नैला ,रायगढ़ ,रायपुर ,भिलाई दुर्ग ,डोंगरगांव के पदाधिकारी ने सहभागिता दर्ज की।

## रायपुर पासपोर्ट सेवा केंद्र अब तेलीबांधा में

**रायपुर (विश्व परिवार)।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय रायपुर, के अंतर्गत पासपोर्ट सेवा केंद्र, श्याम प्लाजा, यूनिट-5, दूसरी मंजिल, पुराने बस स्टैंड के सामने, पंडरी, रायपुर, पिन कोड- 492003, छत्तीसगढ़ को नए स्थान वन हाई स्ट्रीट (One High Street), दूसरी मंजिल, तेलीबांधा मेन रोड, रायपुर, पिन कोड- 492001, छत्तीसगढ़ मे स्थानांतरित किया जा रहा है। नए पासपोर्ट सेवा केंद्र परिचालन दिनांक 06.04.2026 से शुरू होगा। सभी आवेदक जिन्होंने पासपोर्ट सेवा केंद्र, रायपुर, छत्तीसगढ़ में दिनांक 06.04.2026 को या उसके बाद अपनी अपॉइंटमेंट निर्धारित की है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने आवेदन रसीद के अनुसार निर्धारित तिथि और समय पर पीएसके - रायपुर (वन हाई स्ट्रीट, दूसरी मंजिल, तेलीबांधा मेन रोड, रायपुर, पिन कोड 492001, छत्तीसगढ़) पर उपस्थित हो।

**केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर**
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय (भारत सरकार)
प्लाट 48, इंडस्ट्रियल एरिया, भनपुरी, रायपुर, 493221, 0771-6673009
सिपेट CIPET ईमेलः raipur@cipet.gov.in, cipetraipur@gmail.com, वेबसाइटः www.cipet.gov.in

**रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण हेतु सूचना**

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), अपने रायपुर स्थित संस्थान में इवेंट मैनेजमेंट कार्य हेतु पंजीकृत व्यक्तियों/फर्मों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है जिन्होंने शासकीय/निजी क्षेत्र के उपक्रमों/संस्थानों/विभागों के लिए उपरोक्त सेवाएं निष्पादित की हैं। रुचिकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव सभी सहायक दस्तावेजों के साथ दिनांक 03.04.2026 को 17.00 बजे तक या उससे पहले उपरोक्त पते पर जमा करें। निविदा का विवरण, निर्देश और निविदा में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण तिथि एवं विवरण www.cipet.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं केवल वे रुचिकर्ता ही भाग ले सकते हैं जो विशेष रूप से उपरोक्त सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और समान व्यवसाय में सीधे तौर पर शामिल हैं। शासकीय क्षेत्र के उपक्रमों/संस्थानों/विभागों में सेवाएँ प्रदानकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।

सिपेट, रायपुर बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन पत्र को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा रूचि की अभिव्यक्ति प्रक्रिया को किसी भी चरण में रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

सं. CIPET/ RPR /Event_EOI/ 2025-26/01 — प्रधान निदेशक एवं प्रमुख

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए गोपाल स्नैक्स की बड़ी पहल

**राजकोट** : भारत के कई शहरों और गांवों में हर महीने माता-पिता अपने बच्चों के साथ नजदीकी केंद्रों पर एकत्रित होते हैं और पीढ़ियों से चली आ रही एक सरल आयुर्वेदिक परंपरा का हिस्सा बनते हैं। कई परिवारों के लिए यह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपनी संतानों को अधिक पुष्ट और आरोग्यवान बनाने के संकल्प से जुड़ा एक मंगलकारी प्रयास है। आज यह परंपरा 'मंत्रौषधि सुवर्णप्राशन अभियान' के माध्यम से प्रति माह सात लाख से अधिक बालकों तक पहुँच रही है। यह पहल बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित है और इसका ध्येय बालकों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है। इस कार्यक्रम को गोपाल स्नैक्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के अंतर्गत निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। कंपनी मई 2023 से इस पहल से जुड़ी हुई है और कार्यक्रम के विस्तार हेतु प्रति वर्ष लगभग ?1.5 करोड़ का योगदान दे रही है। देशभर के स्वयंसेवकों और सामुदायिक केंद्रों की सहायता से यह कार्यक्रम परिवारों को एकजुट कर बालकों को अधिक सुदृढ़ और स्वस्थ बनाने के ध्येय को पूर्ण कर रहा है।इस पहल का मुख्य केंद्र 'सुवर्णप्राशन' है, जोआयुर्वेद का एक पुराना और असरदार तरीका है। माना जाता है कि बचपन से ही इसे शुरू करने से बच्चों की रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है और उनका शरीर और दिमाग, दोनों अच्छे से विकसित होते हैं। इस मुहिम से जुड़े कई माता-पिता ने बताया है कि उन्हें बहुत अच्छे नतीजे मिले हैं, खासकर उन बच्चों में जो पहले बहुत जल्दी-जल्दी बीमार पड़ जाते थे। वाराणसी के श्री विश्वनाथ दातार की मेहनत का हीपरिणाम है कि आज यह अभियान घर-घर पहुँच रहा है। आयुर्वेद में रुचि के चलते उन्होंने 38 साल तक रिसर्च की और 1970 में इस परंपरा को दोबारा शुरू किया। 55 साल का यह सफर आज 850 केंद्रों और 1,600 स्वयंसेवकों तक पहुँच चुका है।

### भारत आयात पर निर्भरता खत्म कर सकता है, अगर यह अपने संसाधनों की क्षमता का सदुपयोग करे, वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा

**नई दिल्ली:** वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत की विशाल प्राकृतिक संसाधन क्षमता के सदुपयोग के लिए निर्णायक कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि देश को घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को तेज़ करना चाहिए ताकि हम ऊर्जा सुरक्षा को सशक्त बना सकें और आयात पर निर्भरता कम कर सकें। आज एक ओद्यौगिक सम्मेलन के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने चुनौती की गंभीरता पर रोशनी डाली और कहा कि भारत अपने तेल का 90 फीसदी, कॉपर का 95 फीसदी, सोने का तकरीबन 99.5 फीसदी आयात करता है, बावजूद इसके कि हमारे पास इन संसाधनों के बड़े भंडार हैं, जिनका अब तक इस्तेमाल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भूविज्ञान की दृष्टि से हमारा देश दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में से एक है, इसमें भारत की ऊर्जा एवं खनिज सुरक्षा को सशक्त बनाने की अपार क्षमता है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों की खोज एवं खनन में तेज़ी लाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और संसाधन कंपनियों को उचित नीतियों एवं जल्द अनुमोदन का साथ मिले तो वे अपनी उत्पादन क्षमता को कई गुना बढ़ा सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई सरकारी संसाधनों का प्रदर्शन आज भी उनकी क्षमता के मुताबिक नहीं है, सही निवेश, प्रबन्धन एवं नीतिगत सहयोग के द्वारा उनकी उत्पादन क्षमता को काफी हद तक बढ़ाया जा सकता है।

# टाइगर रिजर्व में शिकारियों पर शिकंजा : 10 आरोपी धराए, बंदूक और मांस बरामद

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** गरियाबंद के घने जंगलों में वन्यजीवों का खून बहाने वालों पर आखिरकार कानून का शिकंजा कस गया। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में एंटी पोचिंग टीम ने सुनियोजित कार्रवाई करते हुए शिकार में लिप्त 10 आरोपियों को धर दबोचा। तीर-धनुष से किए गए शिकार का खुलासा, घर से मांस बरामद और भरमार बंदूक की जब्ती ने पूरे मामले को सनसनीखेज बना दिया है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन विभाग की एंटी पोचिंग टीम ने वन्यजीवों के अवैध शिकार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर क्षेत्र के अंतर्गत पीपलखूंटा 'ब' बीट, आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 1204 में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने 10 मार्च 2026 की मध्य रात्रि को गोडेना कछार जंगल में अवैध रूप से प्रवेश कर वन्यप्राणी कोटरी और उड़न गिलहरी का तीर-धनुष एवं गुलेल से शिकार किया था। मामले में पहले 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जबकि अन्य 5



आरोपी फरार थे।

वन विभाग को 17 मार्च को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एंटी पोचिंग टीम ने शेष पांचों आरोपियों को गरियाबंद क्षेत्र से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी प्रभुलाल के घर से कोटरी का लगभग 100 ग्राम मांस भी बरामद किया गया।

जांच के दौरान एक आरोपी हिरासिंग (निवासी अछला, थाना रायघर, जिला नवरंगपुर, उड़ीसा) से पूछताछ में उसके चाचा के घर से एक भरमार बंदूक भी सर्च वारंट के जरिए जब्त की गई। पूरा मामला परिसररक्षी रामकृष्ण साहू द्वारा पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 16/392 दिनांक 13.03.2026 के तहत दर्ज किया गया। आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं—9, 27, 29, 31, 39(1)(द), 50, 50(स), 51 एवं 52 के तहत कार्रवाई की गई।

सभी आरोपियों को 18 मार्च 2026 को न्यायालय प्रथम श्रेणी देवभोग में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 10 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल गरियाबंद भेज दिया गया।

इस पूरे अभियान में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका रही। इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर, दक्षिण उदंती परिक्षेत्र एवं उड़ीसा प्रांत के वन कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से यह सफलता हासिल हुई।

# सपनों को मिली प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की उड़ान

### डॉ. शिबानी ने पेश की स्वावलंबन की अनूठी मिसाल

**जगदलपुर**/ आज के बदलते दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बस्तर जिले की डॉ. शिबानी रानी सारंगी ऐसी ही एक प्रेरणादायक शख्सियत बनकर उभरी हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने डॉक्टर बनने के सपने को पूरा किया, बल्कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना का लाभ उठाकर उद्यमिता के क्षेत्र में भी कदम रखा है। बचपन से ही समाज सेवा का जज्बा रखने वाली डॉ. शिबानी ने कड़ी मेहनत से डेंटल सर्जरी की डिग्री प्राप्त की और ओरल व मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल की, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वयं का क्लिनिक स्थापित करना उनके लिए एक बड़ी आर्थिक



चुनौती थी। इस मुश्किल घड़ी में डॉ. शिबानी को एक मित्र के माध्यम से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जगदलपुर द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल कार्यालय जाकर ऋण प्रक्रिया को समझा और पंजाब नेशनल बैंक की डिमरापाल शाखा में अपना आवेदन प्रेषित किया। योजना के तहत उन्हें 8 लाख 56 हजार 900 रुपए की ऋण राशि स्वीकृत हुई, जिससे उनके सपनों को धरातल पर आने का रास्ता मिल गया। शासन की ओर से उन्हें 2 लाख 25 हजार 500 रुपए की सब्सिडी (अनुदान) भी प्राप्त हुई, जिससे उनका वित्तीय बोझ काफी कम हो गया। वर्ष 2024 में जगदलपुर के कोठारी कॉम्प्लेक्स स्थित श्रीराम पोलिक्लिनिक में अपने डेंटल क्लिनिक की शुरुआत कर डॉ. शिबानी ने एक सफल चिकित्सक के साथ ही व्यवसायी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आज उनके क्लिनिक में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं और उनका सालाना टर्नओवर 3 से 4 लाख रुपए तक पहुंच गया है। विशेष बात यह है कि उन्होंने न केवल खुद को स्थापित किया, बल्कि अपने साथ दो अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। डॉ. शिबानी की यह सफलता सिद्ध करती है कि यदि मन में मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास हो, तो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सहयोग से किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# गरियाबंद में जल संसाधन विभाग का दोहरा उत्सव : नए भवन में प्रवेश, सहायक अभियंता शेषनारायण सोनवानी को भावभीनी विदाई

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जल संसाधन विभाग के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और भावनात्मक रहा। एक ओर विभाग ने लंबे इंतजार के बाद अपने नवनिर्मित संभागीय कार्यालय भवन में विधिवत प्रवेश किया, वहीं दूसरी ओर देवभोग अनुभाग के पूर्व सहायक अभियंता शेषनारायण सोनवानी को उनकी सेवानिवृत्ति पर गरिमामयी विदाई दी गई।

जिला मुख्यालय में वर्षों से विभाग के संभागीय और अनुविभागीय कार्यालय जर्जर भवनों में संचालित हो रहे थे। कार्यपालन अभियंता सिद्ध कुमार बर्मन के विशेष प्रयासों से यह महत्वपूर्ण कार्य साकार हुआ और अब विभाग आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन में स्थानांतरित हो गया है। प्रवेश से पूर्व विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नए कार्यालय को लेकर पूरे विभाग में खुशी और नई ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।



इसी अवसर पर आयोजित समारोह में देवभोग अनुभाग के पूर्व सहायक अभियंता शेषनारायण सोनवानी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवा काल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यपालन अभियंता सिद्ध कुमार बर्मन सहित सभी अधिकारियों ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में शेषनारायण सोनवानी एवं उनकी धर्मपत्नी उमाकांता सोनवानी का अभिनंदन किया गया। कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद साहू, राहुल साहू, मनोज टांडिल, लीलेश, ईश्वर लाल ध्रुव, रोहित कुमार तिवारी, मदन लाल ध्रुव, महेश पंडोरिया, युवराम सिन्हा, छोटेलाल ध्रुव, पवन कुमार ठाकुर, भुवन लाल श्रीवास, कुलेश्वर सिन्हा, मनीष कुमार देवांगन, तीरथ राम देवदास, संजीव नाग, पुनीत राम श्रीमोर, विकास साहू, राजेश्वर डहरिया, वेदिका शांडिल्य, गुलशन मोगरे, नितेश तिवारी, माहेश्वरी दीवान, मोतीराम नेताम, सावित्री विश्वकर्मा और दुर्गेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में जप्त गांजा का मुख्य आरोपी क्रेता (खरीददार) राजस्थान जिला कोटा से गिरफ्तार

### थाना नगरनार क्षेत्र अंतर्गत पूर्व दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में की गई गिरफ्तारी की कार्यवाही

**जगदलपुर।** दिनांक 27.10.2025 को आरोपी मुराद साह पिता उस्मान साह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम लखनवास थाना मलावर तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश के द्वारा आयशर कंपनी का 1114 ट्रक रूक्र-09-त्र॥-4428 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर उड़ीसा प्रांत से जगदलपुर की ओर परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से कुल जुमला वजन 73.080 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कुल किमती 7,30,800/ रूपये को बरामद कर जप्त किया गया एवं परिवहन में प्रयुक्त आयशर कंपनी का 1114 ट्रक रूक्र-09-त्र॥-4428 कीमती 10,00,000/ रूपये, टनफिक्स पेचिंग मास (रिफेक्टरी मटेरियल) से भरा 08 नग बड़ा प्लास्टिक बैग, 01 नग विवो कंपनी का मोबाईल फोन कीमती



10,000/ रूपये एवं नगदी रकम 2300 / रूपये कुल जुमला कीमत 17,43,100/रूपये को जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 20 (ख) द्वद्व (ग) एनडीपीएस एक्ट का मामला कायम कर विवेचना में लिया गया था एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था आरोपी के द्वारा अपने मेमोरण्डन कथन में जप्त गांजा को मोहम्मद नावेद उर्फ नाजिम के द्वारा नगद रकम एवं फोन पे के माध्यम से रूपया देकर गांजा लाने उड़ीसा भेजना बताने पर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

फरार आरोपी मोहम्मद नावेद उर्फ नाजिम की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शलभ कुमार सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री महेश्वर नाग के दिशा निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी का पुरा डिटेल एकत्र कर टीम को जिला कोटा राजस्थान रवाना किया गया था जो टीम द्वारा आरोपी को राजस्थान जिला कोटा से पकड़कर हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर पुछताछ में आरोपी मुराद शाह पिता उस्मान शाह को गांजा लाने राजस्थान से उड़ीसा रकम देकर भेजना कबूल करने पर आरोपी को दिनांक 17 03 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। महत्वपुर्ण भुमिका अदा करने वाले अधिकारी का नाम निरीक्षक संतोष स0उ0नि0 सिंह दिनेश ठाकुर, आरक्षक वेदप्रकाश देशमुख का विशेष योगदान रहा है।

# छत्तीसगढ़ में लईका घर के दो साल पूरे, राज्यभर में चाइल्ड केयर बढ़ाने के लिए 'केयर सर्कल' बनाने की अपील

**नगरी:** लईका घर कार्यक्रम की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर, मोबाइल क्रेचेस ने छोटे बच्चों की देखभाल करने वाले केयरगिवर्स और स्थानीय समुदाय के लोगों को एक साथ जोड़ा। छत्तीसगढ़ में लगभग 46त्न महिलाएँ काम-काज से जुड़ी हैं, जिनमें से ज्यादातर खेती-किसानी, वनोपज इकट्ठा करने और दिहाड़ी मजदूरी जैसे असंगठित क्षेत्रों में मेहनत करती हैं। वहीं दूसरी ओर, राज्य में 3 साल से कम उम्र के 17 लाख से ज्यादा बच्चे हैं, जिनमें से कई बच्चों के पास माता-पिता के काम पर जाने के बाद सुरक्षित देखभाल का कोई ज़रिया नहीं है।ज़रूरत इतनी ज़्यादा होने के बावजूद, क्रेच सुविधाएं बहुत कम जगहों पर ही उपलब्ध हैं, जिससे कामकाजी और कमजोर वर्ग के परिवारों के बच्चों की देखभाल में एक बड़ा अंतर बना हुआ है।

छत्तीसगढ़ में महिलाओं की कामकाजी भागीदारी देश में सबसे ज्यादा दरों में से एक है, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षित बच्चों की देखभाल की सुविधा आज भी हजारों कामकाजी परिवारों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

पिछले दो सालों मेंनगरी के 'लइका घर' क्रैच समाज के लिए एक ऐसे जरूरी ठिकाने के रूप में उभरे हैं, जो 7 महीने से 3 साल तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद कर रहे हैं। ये केंद्र बच्चों को एक साथ कई सुविधाएं देते हैं, जैसे—सही पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा, साफ-सफाई, प्यार भरी देखरेख और शुरुआती खेल-कूद वाली शिक्षा। ये सभी चीजें बच्चों की बढ़त और उनके शुरुआती सीखने के लिए बहुत जरूरी हैं।

बच्चों की मदद करने के साथ-साथ, इस कार्यक्रम ने स्थानीय महिलाओं के लिए कमाई के ज़रिए भी पैदा किए हैं। इन महिलाओं कोदेखभाल करने वाली (केयरगिवर्स)और सामुदायिक लीडर के रूप में ट्रेनिंग दी गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर परिवारों को बच्चों की सही परवरिश और देखभाल के तरीके सिखाने की ताकत मिली है।

# बस्तर में बहेगी ज्ञान की गंगा : जिला प्रशासन ने शुरू किया पुस्तक दान अभियान





### कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने पुस्तक दान अभियान रथ को दिखाई हरी झंडी

**जगदलपुर**/ बस्तर जिले में शिक्षा और ज्ञान की नई अलख जगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक अत्यंत सराहनीय और अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार 19 मार्च से पूरे जिले में पुस्तक दान अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसका मुख्य लक्ष्य घरों की अलमारियों में रखी पुरानी और उपयोगी किताबों को उन जरूरतमंद हाथों तक पहुँचाना है जो संसाधनों के अभाव में ज्ञान की मुख्यधारा से दूर रह जाते हैं। इस पुनीत कार्य के लिए जिला प्रशासन ने समस्त आम जनता, जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों और विद्यार्थियों से एक भावुक अपील की है कि वे अपनी पुरानी ज्ञानवर्धक पुस्तकें, महापुरुषों की प्रेरणादायक जीवनियाँ और सामान्य ज्ञान की किताबें दान कर किसी विद्यार्थी के जीवन की दिशा बदलने में सहभागी बनें। प्रशासन का मानना है कि यह अभियान न केवल पुरानी किताबों को नया जीवन देगा, बल्कि समाज में दान की एक नई और बौद्धिक संस्कृति को भी विकसित करेगा।

इस महाभियान को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन द्वारा एक विशेष पुस्तक दान रथ तैयार किया गया है, जिसे कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के पहले ही दिन उत्साह का माहौल देखा गया और शहर के पावर हाउस चैक, डोंगरीपारा, कोहकापाल, धरमपुरा और नया बस स्टैंड जैसे प्रमुख क्षेत्रों से होते हुए सिटी कोतवाली तक लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी पुस्तकें दान कीं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल और आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त श्री गणेश राम सोरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने खुद भी इस मुहिम में योगदान दिया।

सिलसिलेवार तरीके से यह अभियान अगले सात दिनों तक बस्तर के कोने-कोने में पहुँचेगा, जिसके तहत 20 मार्च को तोकापाल के एर्राकोट और करंजी क्षेत्रों में, 21 मार्च को बास्तानार और किलेपाल में तथा 22 मार्च को दरभा और तीरथगढ़ के अंचलों में यह रथ भ्रमण करेगा। इसी क्रम में 23 मार्च को बकावण्ड, 24 मार्च को लोहण्डीगुड़ा और अंतिम दिन 25 मार्च को बस्तर विकासखंड के भानपुरी और केशरपाल जैसे क्षेत्रों में सघन रूप से पुस्तकें संग्रहित की जाएंगी। एकत्रित की गई इन बहुमूल्य पुस्तकों को जिला ग्रंथालय एवं विकासखंड स्तर के पुस्तकालयों में पूरी संजीदगी के साथ संरक्षित किया जाएगा, ताकि वे जिज्ञासु पाठकों और जरूरतमंद विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के काम आ सकें। जन-सहयोग से खड़ी की जा रही यह ज्ञान की विरासत बस्तर के शैक्षणिक परिदृश्य में एक मील का पत्थर साबित होगी, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन / फैक्स नं. – 07856-252302, ई – मेल – eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू. क्रं./32–34/DWSM/JJM/लो.स्वा.यां./2026 दन्तेवाड़ा, दिनॉक : 17/03/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यो हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यो में प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां.विभाग रायपुर के यु0एस0ओ0आर0 दिनॉक 01.06.2020 लागू होगा। निविदाऐं पूर्व मे कार्यादेशित ठेकेदारों के द्वारा कार्य पूर्ण नही कर पाने के कारण कार्य निरस्त कर पुनः भोश बचे कार्यो को पूर्ण करने हेतु पूर्व ठेकेदारों के रिस्क एण्ड काश्ट पर आधारित है। ठेकेदार निविदाऐं साईट मे अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं भार्तो के आधार पर ही निविदा मे भाग लेवें।

कार्य का नाम :– पाईप लाईन का कार्य (Risk & Cost)

| क्रं. | एन.आई.टी/ दिनॉक एवं सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में | अमानत राशि (रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32/17.03.2025 187266 | छिन्दनार/गीदम रेट्रोफिटिंग (रिस्क एंड कॉश्ट) | तृतीय काल | 16.40 | 12300 |
| 2 | 33/17.03.2025 187267 | बड़ेगोडरे/दन्तेवाड़ा रेट्रोफिटिंग (रिस्क एंड कॉश्ट) | सष्ठम काल | 30.97 | 23230 |
| 3 | 34/17.03.2025 187268 | पुरनतरई/दन्तेवाड़ा रेट्रोफिटिंग (रिस्क एंड कॉश्ट) | सष्ठम काल | 43.83 | 32880 |
| कुल योग | | | | 110.05 | |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

टीप :– निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 01.04.2026 है।

G-252607258/3

कार्यपालन अभियता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

# खुर्सीपार क्षेत्र में सिवरेज का कार्य जल्द पूर्ण हो : नगर निगम आयुक्त

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन 4 खुर्सीपार अंतर्गत डामरीकरण सड़क, प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल, पेवर ब्लाक सहित सिवरेज लाईन का सघन निरीक्षण किया गया है। इस दौरान उन्होने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सड़क की मजबूती और तकनीकी मानकों का बारीकी से जायजा लिये हैं।


निगम आयुक्त ने स्थानीय पार्षद शुभम झा के साथ वार्ड क्रमांक 48 जोन 3 अंतर्गत नवीन डामरीकरण एवं प्रस्तावित सड़क का निरीक्षण किये। इस सड़क के निर्माण से नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होने प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का अवलोकन किये और उपस्थित अधिकारियों को कार्य जल्द प्रारंभ कराने कहा गया है। जिससे आम नागरिको को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके। आयुक्त ने वार्ड में सौंदर्यीकरण की दृष्टि से लगाए गये पेवर ब्लाक का निरीक्षण किये। पेवर ब्लाक पूर्व से लगे होने के कारण बीच-बीच से उखड़ गया है, जिसे व्यवस्थित कराने कहा गया है। वार्ड क्रं. 46 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार क्षेत्र में चल रहे सिवरेज लाईन संधारण कार्य का जायजा लिए और संधारण कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा गया है। साथ ही उन्होने लिकेज की समस्या न आए इस पर विशेष ध्यान देने कहा है। पेयजल प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किये हैं, सभी स्थलों में टैब एवं वॉल लगाने को कहा गया है। भवन निर्माण सामग्री रखकर रोड बाधित करने वाले व्यक्तियों के ऊपर कड़े कार्रवाई हेतु निर्देशित किए हैं । नियमानुसार आवागमन बाधित करना दंडनीय है और निर्माण कार्य में ग्रीन नेट लगाना होता है।


निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेन्द्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




## अफीम की खेती में कार्यवाही पर सरकार गंभीर नहीं - कांग्रेस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अफीम की खेती पर सरकार में बैठे हुए लोग टालमटोल वाला रवैया अपना रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि वे अपने जिलों में अफीम की खेती पर नजर रखे, कलेक्टरों ने अपने जिले के एसडीएम को निर्देश दे दिया कि वे निगरानी करे। एसडीएम ने अपने क्षेत्र के तहसीलदारों को निर्देश दे दिया कि वे अफीम की खेती की निगरानी करे। तहसीलदारों ने सभी सरपंचों को निर्देशित कर दिया कि उनके क्षेत्र में अफीम की खेती की वे निगरानी करे। यदि अफीम की खेती उनके गांव में होगी तो वे जिम्मेदार होंगे।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूरा सरकारी अमला, सरकार से लेकर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार तक सभी अपने जिम्मेदारी से भाग रहे है। अफीम की खेती रोकने की अभी तक सरकार की तरफ से कोई कार्ययोजना नहीं बनाई गयी है।






### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./28635/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 19-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28635**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652R0355F** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAILENDRA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHANKAR LAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HARIOM SHARAN SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SANTOSH KUMAR SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./29572/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 19-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29572**
**वार्ड का नाम-29 - गुरू गोविंद सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **29** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334F00118** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJESH MANDHANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE SUNDER LAL MANDHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. DISHA MANDHANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SURENDRA MANDHANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /29514/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 19-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29514**
**वार्ड का नाम- 51 - लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446T0507G** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TAMESHWAR SINHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DERHARAM SINHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **रणजीत कुमार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **राजेन्द्र प्रसाद मेहता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /28935/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 12-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 28935**
**वार्ड का नाम- 21 - शहीद भगत सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813A00419** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GURUPREET KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. AMARJEET SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **USHA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHAMAN LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **T462411**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./29027/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 19-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29027**
**वार्ड का नाम- 17 ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **17** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107D00368** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **V. MAHENDRA KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **V. VENKETESHWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT NISHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI VIJENDRA DAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

***आम-सूचना***

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल** द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एल.आई. जी. भवन योजना के अतंर्गत, भवन क्रमांक एल. आई. जी.-137 फेस-2 **श्री सेवक राम वर्मा** पिता **श्री जगदेव वर्मा** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक** 7-7-2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक** 3-3-2026 निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री/श्रीमती हिमांशु बंसल पिता श्री संदीप बंसल** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./27807/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 14-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 27807**
**वार्ड का नाम- 67- भक्तमाता कर्मा वाड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **67** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567D00765** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GOURAGCHANDRANATH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMNI MOHAN NATH DEVNATH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NEELIMA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AWDHESH KUMAR SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./29511/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 19-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29511**
**वार्ड का नाम- 68- डॉ. खुबचंद बघेल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **68** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567G00730** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PRAVEEN KUMAR CHANDRAKAR**पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHATRAPAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUKLAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **FAGUVA RAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./29520/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 19-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29520**
**वार्ड का नाम- 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **67** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663H0051V** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PRITI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHARMENDRA SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAMTA TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SATYENDRA TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /29433/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 16-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29433**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सारकरनगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **1** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801P00228** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRABHAKAR CHAUDHARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **UDAY SHANKAR CHAUDHARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NARESH KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHUKHAN LAL AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### शपथ पत्र

**मैं, गौतम साहू, उम्र 20 वर्ष, पित्ता- स्व. सोनसाय साहू, निवासी ग्राम बाना, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर ( छ0ग0 )** शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं

:-

1- यह कि, मेरी बहन का नाम उसके नाम जारी आधार कार्ड **क्रमांक** 6032-4080-2215 में त्रुटिवश **"ढाकेश्वरी साहू"** अंकित हो गया है जो कि गलत है।

2- यह कि, मेरी बहन का नाम उसके नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र व शासकीय, अर्द्धशासकीय अभिलेखों में **"टाकेश्वरी साहू"** अंकित है जो कि सत्य एवं सही है। तथा मेरी बहन सर्वत्र इसी नाम से जानी, पहचानी व पुकारी जाती है।

यह कि, मैं अपनी बहन का नाम उसके नाम से जारी आधार कार्ड में संशोधन कराते हुये **"ढाकेश्वरी साहू" के स्थान पर "टाकेश्वरी साहू"** अंकित कराना चाहता हूं। जिस हेतु यह शपथपत्र संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**गौतम साहू**
**शपथकर्ता**

मै, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 01 से 03 तक में वर्णित समस्त तथ्य मेरे निजी जानकारी व ज्ञान से सत्य एवं सही है अत: आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./29097/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 17-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29097**
**वार्ड का नाम- 60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **60** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR653B00131** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DR. NIMMI CHOUBEY, EKTA SHARMA, RUPENDRA CHOUBEY, DHANSHRI CHOUBEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE KOMAL PRASAD CHOUBEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **01. NIMMI CHOUBEY 02.RUPENDRA CHOUBEY** पिता/पति श्री/श्रीमती **01.D/O KOMAL PRASAD CHOUBEY 02. S/O KOMAL PRASAD CHOUBEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **01.SHAPAT PATRA 02.SAHMATI PATRA KE AADAHR ME** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./29439/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 17-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29439**
**वार्ड का नाम- 66- वामनराव लाखे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **66** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR566E00157** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LATA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMAKANT SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **01. ABHIYUDAY KIRAN TIWARI 02. ABHYUDAY PRAKASH TIWARI 03.AASHUTOSH TIWARI 04. ABHISHEK TIWARI 05.AKHILESH TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O RAJKUMAR TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**श्री खीरसागर नायक**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./29247/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 09-03-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 29247**
**वार्ड का नाम- 3 संत कबीरदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 3 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR80310414A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHETAN RAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TOTA RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT CHOLAMATI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI ROSHAN LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**








## भगवान झूलेलाल जी की
### जयंती की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सिंधियों के संरक्षक संत झूले लाल को उदेरो लाल के नाम से भी जाना जाता था, जो संस्कृत शब्द उदेरो से लिया गया है जिसका अर्थ है पानी से निकला हुआ। उन्हें हिंदू देवता वरुण का अवतार माना जाता है, जो समुद्र के देवता हैं। सिंधी लोककथाओं में एक कहानी है कि कैसे उन्होंने सिंधी समुदाय को मुस्लिम शासकों के अत्याचार से बचाया। उस समय (लगभग 1000 ई.) का शासक मिर्ख शाह सिंधियों को जबरन इस्लाम में परिवर्तित कर रहा था। उन्होंने मदद के लिए झूले लाल से अपील की। जाहिर है कि वह मिर्ख शाह के महल में गया और उससे तर्क करने की कोशिश की। लेकिन उसने नहीं सुना। तो कहानी आगे बढ़ती है, झूले लाल सैन ने अपना हाथ हिलाया और राजा के आंगन में एक बड़ी आग लग गई जिसे कोई भी नहीं बुझा सका। तब राजा ने झूले लाल सैन से माफ़ी मांगी और झूले लाल ने फिर से अपना हाथ हिलाया और पास की सिंधु नदी को शहर में बाढ़ लाकर आग बुझा दी। फिर उन्होंने फिर से हाथ हिलाया और पानी कम हो गया। ये सारे चमत्कार देखकर शाह झूले लाल सैन के सामने झुक गए और खुद भी उनके अनुयायी बन गए! उन्होंने सभी धार्मिक उत्पीड़न बंद कर दिए और सिंध में हिंदू और मुसलमान दोनों ही झूले लाल के अनुयायी बन गए और सांप्रदायिक सद्भाव कायम हुआ! आज भी मुस्लिम सिंधी झूले लाल की पूजा करते हैं और उन्हें मस्त कलंदर कहते हैं। सिंध में जिस जगह पर वे रहते थे, वहां उनकी याद में दोनों समुदायों की श्रद्धा के कारण एक हिंदू मंदिर और एक मस्जिद दोनों ही हैं।

















